# Daily Current Affairs

**Date : 11 July, 2025**

UTKARSH CLASSES CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका



| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान राज्य क्रय-विक्रय सहकारी संघ (राजफैड) |
| 2. | राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (RALSA) |
| 3. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स (राजस्थान)<br>1. राजधरा पोर्टल<br>2. फोर्टी और जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के मध्य MoU<br>3. कोटा में 'नमो टॉय बैंक' की स्थापना<br>4. 'सदा आगे' प्रोजेक्ट<br>5. राजस्थान का पहला आवासीय बालिका सैनिक स्कूल – जयमलसर |
| 4. | कला सेतु - रियल-टाइम लैंग्वेज टेक फॉर इंडिया |
| 5. | केयर एज रिपोर्ट-2025 |
| 6. | खतरनाक और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन एवं सीमा-पार संचलन) संशोधन नियम, 2025 |
| 7. | नेशनल टिम्बर मैनेजमेंट सिस्टम - NTMS |
| 8. | हिमनदीय आपदाओं के लिए आयोग का गठन : सिक्किम |
| 9. | एक्सटेंडेड रेंज एंटी-सबमरीन रॉकेट (ERASR) |
| 10. | VTU-VRIF-TCOE हब और स्पोक उत्कृष्टता केंद्र |
| 11. | चिंथा रविंद्रन पुरस्कार 2025: शरणकुमार लिम्बाले |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 12. | **न्यूज़ इन शॉर्ट्स**<br>1. अस्मिता वेटलिफ्टिंग लीग<br>2. 3500 वर्ष पुराना शहर : पेनिको<br>3. भारतीय महिला फुटबाल टीम<br>4. सिंदूर ब्रिज : महाराष्ट्र<br>5. महाराष्ट्र का राज्य उत्सव घोषित : गणेशोत्सव<br>6. यूरोजोन का 21वां सदस्य<br>7. मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना : पंजाब |

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

### राजस्थान राज्य क्रय-विक्रय सहकारी संघ (राजफैड)

➲ **चर्चा में क्यों?**

■ **हाल ही में, सहकारी समितियों व किसानों को उच्च गुणवत्ता के बीज उपलब्ध करवाने तथा जैविक उत्पादों के विपणन हेतु राजस्थान राज्य क्रय-विक्रय सहकारी संघ (राजफैड) द्वारा भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (BBSSL) एवं राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (NCOL) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) किया गया।**



➲ **मुख्य बिंदु :**

- **राजस्थान राज्य क्रय-विक्रय सहकारी संघ, जिसे राजफैड के नाम से भी जाना जाता है, एक सहकारी संस्था है जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना और उन्हें आवश्यक कृषि आदानों (Agricultural Inputs) की आपूर्ति करना है।**
- **यह संघ राजस्थान के सभी जिलों में कार्य करता है।**
- **पंजीकृत कार्यालय : जयपुर।**
- **स्थापना : वर्ष 1957 में।**

**राजफैड का महत्व:**

- **राजफैड राजस्थान में सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।**
- **यह किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने और उन्हें आवश्यक आदानों की आपूर्ति करने में मदद करता है।**
- **यह ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में भी योगदान देता है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (RALSA)

## ➲ चर्चा में क्यों?

- **राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 01 जुलाई से 30 सितम्बर, 2025 तक न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु 90 दिवसीय 'मेडिएशन 'फॉर द नेशन' मध्यस्थता अभियान संचालित किया जा रहा है।**

## ➲ मुख्य बिंदु :

- **निर्देशन : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) तथा मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति (MCPC)**
- **इस अभियान के अन्तर्गत उच्च न्यायालय एवं जिला एवं तालुका स्थित न्यायालयों में वर्षों से लंबित प्रकरणों को मध्यस्थता के माध्यम से निस्तारित किये जाने के प्रयास किये जायेंगे।**
- **भारतीय संविधान का अनुच्छेद 39A : समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को समान अवसर के आधार पर न्याय को बढ़ावा देने हेतु निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करने का प्रावधान।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## ❖ फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

- **राजस्थान राज्य सरकार द्वारा 07 जुलाई, 1998 को जारी अधिसूचना के माध्यम से राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (RALSA) का गठन किया गया।**
- **संसद द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 पारित किया गया, जिसे 9 नवम्बर, 1995 से लागू किया गया।**
- **इस अधिनियम के लागू होने के साथ ही राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर विधिक सेवा प्राधिकरणों की स्थापना की गई, साथ ही सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय एवं तालुका स्तर पर विधिक सेवा समितियाँ भी गठित की गईं।**

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स (राजस्थान)

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **राजधरा पोर्टल**<br><br><br>♦ **राज्य के खनिज ब्लॉकों और प्लॉटों के सीमांकन (डेलिनियेशन) से लेकर खान संचालन से जुड़ी सभी आवश्यक जानकारी 'राजधरा पोर्टल' पर उपलब्ध कराई जाएगी।**<br>♦ **इस जानकारी को 'प्रधानमंत्री गतिशक्ति पोर्टल' से भी जोड़ा जाएगा, ताकि संबंधित सभी सूचनाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर आसानी से और पारदर्शिता के साथ उपलब्ध हो सकें।** |


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 2. फोर्टी और जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के मध्य MoU




- जयपुर पुलिस कमिश्नरेट और फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (FORTI) के मध्य हाल ही में सामाजिक सरोकार के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किये गए।
- समझौते के तहत फोर्टी के पदाधिकारियों की ओर से दुष्कर्म पीड़िता बच्चियों और सजायाफ्ता अपराधी माता-पिता के निराश्रित छोटे बच्चों को गोद लेकर उनका पालन-पोषण, शिक्षा, रोजगार और शादी तक उनकी जिम्मेदारी उठाई जाएगी।

## 3. कोटा में 'नमो टॉय बैंक' की स्थापना



- हाल ही में, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा में 'नमो टॉय बैंक' की स्थापना की घोषणा की।
- यह पहल 'जॉय ऑफ गिविंग' के विचार से प्रेरित है, जो बच्चों के बीच सेवा, नेतृत्व और संवेदनशीलता जैसे मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देती है।
- इस पहल का उद्देश्य संसाधनों की कमी के कारण खिलौनों से वंचित बच्चों को खिलौने मुहैया करवाना है।



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**4.**

## ‘सदा आगे’ प्रोजेक्ट



- हाल ही में, भारतीय सेना द्वारा पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में स्वदेशी गोला-बारूद का सफल परीक्षण किया गया।
- यह परीक्षण 'सदा आगे' परियोजना के तहत किया गया, जिसे भारतीय सेना और रक्षा अनुसंधान संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जा रहा है।

## राजस्थान का पहला आवासीय बालिका सैनिक स्कूल - जयमलसर



- बीकानेर के जयमलसर में राजस्थान का पहला आवासीय बालिका सैनिक विद्यालय शुरू होगा। इसमें कक्षा 6 और 9 में 80 छात्राओं को प्रवेश मिलेगा।
- बीकानेर के भामाशाह और कोलकाता निवासी पूनमचंद राठी ने अपने माता-पिता स्व. रामीदेवी और रामनारायण राठी की स्मृति में 108 करोड़ रुपये की संपत्ति (भूमि और भवन) राजस्थान शिक्षा विभाग को दान की है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राष्ट्रीय परिदृश्य

# कला सेतु - रियल-टाइम लैंग्वेज टेक फॉर इंडिया

### चर्चा में क्यों?

- सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने अपने वेवएक्स स्टार्टअप एक्सेलेरेटर प्लेटफॉर्म के माध्यम से कला सेतु -रियल-टाइम लैंग्वेज टेक फॉर इंडिया प्रतियोगिता शुरू की।

### मुख्य बिंदु :

- यह प्रतियोगिता देश के अग्रणी AI स्टार्टअप को शासन में नागरिकों तक पहुँच के लिए बहुभाषी मल्टीमीडिया कंटेंट सृजन के लिए शुरू की गई।
- **कला सेतु का उद्देश्य :** डिजिटल भाषा के मध्य समानता को बढ़ावा देना।
- **भाषा सेतु चैलेंज :** 'भाषा सेतु' वास्तविक समय भाषा अनुवाद चैलेंज 30 जून, 2025 को वेवएक्स के अंतर्गत शुरू की गई थी।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु**

**वेवएक्स :**

- **शुरुआत :** वेवएक्स सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की वेव्स पहल के अंतर्गत शुरू किया गया समर्पित स्टार्ट-अप एक्सेलेरेटर प्लेटफॉर्म है।
- **उद्देश्य :** मीडिया, मनोरंजन और भाषा प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देना है।
- मई, 2025 में मुंबई में आयोजित वेव्स शिखर सम्मेलन में, वेवएक्स ने 30 से अधिक स्टार्टअप को प्रस्तुतीकरण का अवसर प्रदान किया था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## केयर एज रिपोर्ट-2025

### ➲ चर्चा में क्यों?

- केयर एज की रिपोर्ट के अनुसार विश्व के कुल रेयर अर्थ एलिमेंट्स (REE) के 8 प्रतिशत भण्डार भारत के पास मौजूद है।

### ➲ मुख्य बिंदु :

- भारत में रेयर अर्थ एलिमेंट्स का तीसरा सबसे बड़ा भंडार है, लेकिन वो कुल खनन में 1 प्रतिशत से भी कम योगदान देता है।
- इसके विपरीत, चीन के पास 49 प्रतिशत भंडार है और वो 69 प्रतिशत REE का उत्पादन करता है।

**भारत में रेयर अर्थ एलिमेंट्स (REE):**

- भारत में REE का भंडार मुख्यत: मोनाजाइट रेत में होता है, जिसमें थोरियम भी शामिल होता है।
- इंडियन मिनरल्स ईयरबुक 2023 के अनुसार, रेयर अर्थ एलिमेंट्स भारत के तटीय राज्यों; तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और ओडिशा में पाया जाता है।
- **खनन की जटिल प्रक्रिया:** REE अक्सर रेडियोधर्मी होते हैं, जिससे उनका खनन कठिन, लंबा और महंगा होता है।
- तटीय विनियमन क्षेत्र (CRZ) के नियमों के कारण इन तत्वों के खनन पर भी कई प्रतिबंध लगे हुए हैं।
- इंडियन रेयर अर्थ लिमिटेड (IREL) एकमात्र भारतीय कंपनी है जो मोनाजाइट रेत से रेयर अर्थ यौगिकों का प्रोसेसिंग करती है। इसे मिनी रत्न कंपनी का दर्जा प्राप्त है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

# खतरनाक और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन एवं सीमा-पार संचलन) संशोधन नियम, 2025

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 'खतरनाक और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन एवं सीमा-पार संचलन) संशोधन नियम, 2025' को अधिसूचित किया।**



➲ **मुख्य बिंदु :**

- **यह फ्रेमवर्क एल्यूमीनियम, तांबा, जस्ता एवं उनकी मिश्र धातुओं सहित अलौह धातुओं के स्क्रैप प्रबंधन के लिए एक व्यापक और विस्तृत एक्सटेंडेड प्रोड्यूसर रिस्पॉन्सिबिलिटी (EPR) प्रणाली प्रदान करता है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## एक्सटेंडेड प्रोड्यूसर रिस्पॉन्सिबिलिटी (EPR):

- एक्सटेंडेड प्रोड्यूसर रिस्पॉन्सिबिलिटी (EPR) एक नीतिगत ढांचा है, जिसके अंतर्गत उत्पादकों को उपभोक्ताओं द्वारा उपयोग के उपरांत उत्पादों के उपचार, प्रबंधन या निपटान हेतु वित्तीय एवं भौतिक उत्तरदायित्व प्रदान किया जाता हैं।
- सैद्धांतिक रूप से, इस प्रकार का उत्तरदायित्व सौंपे जाने से उत्पादन स्तर पर कचरा नियंत्रण, पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों के विकास को प्रोत्साहन, तथा सार्वजनिक पुनर्चक्रण और सामग्री प्रबंधन लक्ष्यों की प्राप्ति में सहयोग मिलता है।


Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# नेशनल टिम्बर मैनेजमेंट सिस्टम - NTMS



## ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, केंद्र सरकार ने कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के लिए कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई के लिए नए नियम जारी किए।

## ➲ मुख्य बिंदु :

- नये दिशा-निर्देशों के अनुसार कृषि भूमि पर पेड़ काटने या नये पेड़ लगाने के लिए नेशनल टिम्बर मैनेजमेंट सिस्टम में पंजीकरण करना आवश्यक है।
- **NTMS पोर्टल :** नेशनल टिम्बर मैनेजमेंट सिस्टम किसानों को अपने बागानों का पंजीकरण कराने, वृक्षों की कटाई हेतु परमिट के लिये आवेदन करने और जियो-टैग्ड डेटा तथा फोटो का उपयोग करके आवेदनों को ट्रैक करने की सुविधा प्रदान करता है।
- **उद्देश्य :**
  - किसानों की आय को दोगुना करना, वनों के बाहर वृक्षावरण बढ़ाना और जलवायु परिवर्तन को कम करना।
  - पेरिस समझौते और राष्ट्रीय कृषि वानिकी नीति का प्रभावी क्रियान्वयन करना।
- किसानों को नेशनल टिम्बर मैनेजमेंट सिस्टम (NTMS) पोर्टल पर अपनी भूमि का पंजीकरण कराना होगा, जिसमें भूमि स्वामित्व, वृक्षारोपण डेटा (प्रजातियाँ, पौधों की संख्या, रोपण तिथि) और पेड़ की ऊंचाई जैसे विवरण दर्ज करने होंगे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# हिमनदीय आपदाओं के लिए आयोग का गठन : सिक्किम



➲ **चर्चा में क्यों?**

- हाल ही में, सिक्किम द्वारा हिमनदीय आपदाओं के प्रबंधन हेतु 13 सदस्यीय आयोग का गठन किया गया।

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **गठन का कारण :** 4 अक्टूबर, 2023 को सिक्किम में हुई विनाशकारी ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (GLOF) के मद्देनजर किया गया है।
- इस आयोग को हिमनदीय झीलों के क्रमिक विनाश को रोकने और जलवायु-जनित आपदाओं के प्रति क्षेत्र की दीर्घकालिक सहनशीलता को बढ़ाने के लिए गठित किया गया है।
- **अध्यक्ष :** डॉ. अखिलेश गुप्ता (भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पूर्व वरिष्ठ सलाहकार)।
- **सदस्य :** 13 सदस्य (इनमें हिमनद विज्ञानी, जलवायु वैज्ञानिक, आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी और सिक्किम वन विभाग के प्रतिनिधि)
- **उद्देश्य :** भविष्य में भारी हिमनद पिघलने या अत्यधिक वर्षा के दौरान, जल-प्रपातीय दरारों को रोकना।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु

### ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (GLOF):

- ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (GLOF) एक प्रकार की विनाशकारी बाढ़ है।
- कारण : ग्लेशियर के आयतन में परिवर्तन या तेजी से पिघलने, भारी वर्षा, झील के जल स्तर में परिवर्तन तथा भूकंप के कारण उत्पन्न होती हैं।
- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) के अनुसार हिंदूकुश हिमालय के अधिकांश हिस्सों में जलवायु परिवर्तन के कारण हिमनदों के पीछे हटने से कई नई हिमनद झीलों का निर्माण हुआ है, जो GLOF का प्रमुख कारण हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## एक्सटेंडेड रेंज एंटी-सबमरीन रॉकेट (ERASR)

### चर्चा में क्यों?

- 23 जून से 7 जुलाई, 2025 तक INS कवरत्ती युद्धपोत से एक्सटेंडेड रेंज एंटी-सबमरीन रॉकेट (ERASR) का यूजर ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा किया गया।



### मुख्य बिंदु :

- यह स्वदेशी रूप से विकसित एक्सटेंडेड रेंज एंटी-सबमरीन रॉकेट सिस्टम है।
- विकास : रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के पुणे स्थित आयुध अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (ATDE) द्वारा।
- उत्पादन : भारत डायनामिक्स लिमिटेड, हैदराबाद और सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड, नागपुर द्वारा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# VTU-VRIF-TCOE हब और स्पोक उत्कृष्टता केंद्र

## ➲ चर्चा में क्यों?

- **10 जुलाई, 2025 को केंद्रीय संचार मंत्री और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ने बेंगलुरु में VTU-VRIF-TCOE हब और स्पोक उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किया।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **यह उत्कृष्टता केंद्र (COE) विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (VTU), विश्वेश्वरैया अनुसंधान एवं नवाचार फाउंडेशन (VRIF) और दूरसंचार उत्कृष्टता केंद्र (TCOE) के बीच एक रणनीतिक साझेदारी है।**
- **उद्देश्य : 5G/6G संचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), मशीन लर्निंग (ML), संवर्धित एवं आभासी वास्तविकता (AR/VR), क्वांटम कंप्यूटिंग, स्वास्थ्य सेवा और अन्य अग्रणी प्रौद्योगिकियों सहित उभरते हुए क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक अत्याधुनिक नवाचार इकोसिस्टम स्थापित करना।**
- **केंद्र का लक्ष्य : गहन प्रौद्योगिकी अनुसंधान और स्टार्टअप इनक्यूबेशन के लिए एक लॉन्चपैड बनना।**
- **इस COE पहल में 20 से अधिक स्टार्टअप और 30 अकादमी संस्थान शामिल हो चुकी हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## पुरस्कार एवं सम्मान

### चिंथा रविंद्रन पुरस्कार 2025: शरणकुमार लिम्बाले

**चर्चा में क्यों?**



- मराठी लेखक और समीक्षक शरणकुमार लिम्बाले को चिंथा रविंद्रन पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है।

**मुख्य बिंदु :**

- यह सम्मान 26 जुलाई, 2025 को कोझिकोड में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा।
- इस पुरस्कार में ₹50,000 की नकद राशि, एक स्मृति चिन्ह और एक प्रशस्ति पत्र शामिल है।
- चिंथा रविंद्रन पुरस्कार ऐसे साहसिक और न्याय के पक्षधर लेखकों को सम्मानित करता है, जो असमानता को चुनौती देते हैं और मानवीय गरिमा को बढ़ावा देते हैं।
- **शरणकुमार लिम्बाले का योगदान :** शरणकुमार लिम्बाले के लेखन ने दलित साहित्य और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों को मुख्यधारा में लाने में अहम भूमिका निभाई है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **अस्मिता वेटलिफ्टिंग लीग**<br><br>♦ 8 जुलाई, 2025 को केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री ने उत्तर प्रदेश के मोदीनगर में अस्मिता लीग 2025 का उद्घाटन किया।<br>♦ वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15 खेल विधाओं में राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों में आयोजित होने वाली 852 लीगों में 70,000 से अधिक महिला खिलाड़ी भाग लेंगी।<br>**अस्मिता**<br>♦ **शुरुआत :** वर्ष 2021<br>♦ अस्मिता लीग और प्रतियोगिता के माध्यम से महिलाओं के बीच खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया के जेंडर-न्यूट्रल मिशन का हिस्सा है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 2. 3500 वर्ष पुराना शहर : पेनिको



- हाल ही में, भूवैज्ञानिकों द्वारा पेरू के बरांका प्रांत में समुद्र तल से 600 की ऊँचाई पर एक प्राचीन शहर पेनिको (Panico) खोजा गया।
- यह शहर 1800 से 1500 ईसा पूर्व के बीच बसाया गया था।
- इस शहर की विशेषताओं में गोलाकार ढांचा, जो इसके केंद्र में स्थित है, इसके चारों ओर पत्थर और मिट्टी से बनी इमारतें पाई गई हैं, जिनमें मंदिर और घर शामिल हैं।
- शहर में मिली सीपियों से बने हार और मिट्टी की मूर्तियाँ दर्शाती हैं कि यहाँ साँस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों का प्रभाव था।
- पेनिको केवल व्यापार का केंद्र नहीं था, बल्कि एक सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से भी समृद्ध स्थल था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 3. | **भारतीय महिला फुटबाल टीम** |



- **भारतीय महिला टीम ने पहली बार थाईलैंड को हराकर AFC महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफाई किया।**
- **भारत की यह थाईलैंड पर पहली जीत भी है। विश्व रैंकिंग में थाईलैंड 46वें स्थान पर है और भारत से 24 स्थान ऊपर है।**
- **एशिया कप का आयोजन : वर्ष 2026 (ऑस्ट्रेलिया में)**

| | |
|---|---|
| 4. | **सिंदूर ब्रिज : महाराष्ट्र** |



- **मुंबई में कार्नाक ब्रिज (154 वर्ष पुराने) के स्थान पर नवनिर्मित कारनैक ब्रिज का नामकरण ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर 'सिंदूर ब्रिज' रखा गया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 5. | **महाराष्ट्र का राज्य उत्सव घोषित : गणेशोत्सव** |



- **गणेशोत्सव को महाराष्ट्र सरकार द्वारा आधिकारिक रूप से राज्य महोत्सव घोषित किया गया।**
- **महाराष्ट्र में सार्वजनिक गणेशोत्सव की शुरुआत वर्ष 1893 में लोकमान्य बल गंगाधर तिलक द्वारा की गई थी।**
- **इस वर्ष गणेशोत्सव 26 से 27 अगस्त, 2025 को मनाया जाएगा।**

| | |
|---|---|
| 6. | **यूरोजोन का 21वां सदस्य** |




- **1 जनवरी, 2026 से यूरोपीय संघ द्वारा बुल्गारिया को यूरो मुद्रा को आधिकारिक रूप से अपनाने की मंजूरी प्रदान की गई है, जिससे बुल्गारिया एकल मुद्रा क्षेत्र का 21वां सदस्य बन जाएगा।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 7. मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना : पंजाब




- हाल ही में, पंजाब सरकार द्वारा 'मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना' शुरू करने की घोषणा की है, जिसमें सभी नागरिकों को सरकारी और निजी अस्पतालों में 10 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज प्रदान किया जाएगा।
- यह योजना 2 अक्टूबर, 2025 से लागू होगी।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR